# संचालनालय
## भौमिकी तथा खनिकर्म मध्यप्रदेश
29—ए, ''खनिज भवन'', अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन एवं फैक्स 0755—2551795
ई—मेल dirgeomn@mp.nic.in


क्रमांक 10274 /स्था./न.क./73/23 भोपाल, दिनॉक 24/09/24

**// विज्ञप्ति//**

दिव्यांगजन हेतु चिन्हांकित पदों में विभाग के तृतीय श्रेणी/चतुर्थ श्रेणी (सहायक ग्रेड—3/अनुरेखक/भृत्य/क्षेत्रीय सहायक/भृत्य कम प्रोसेस सर्वर/चौकीदार(आकस्मिता निधि) के रिक्त पदों की पूर्ति वॉक इन्टरव्यू के माध्यम से किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। दिव्यागंजन के रिक्त पदो का विवरण निम्नानुसार है:—

| क्र. | पद की श्रेणी | दिव्यांगजन हेतु चिन्हांकित पद का नाम | पद का वेतमान | भर्ती का तरीका | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दृष्टि बाधित और कम दृष्टि | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमे सम्मिलित है, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीडित, मस्कुलर डिस्ट्राफी | ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता | |
| 1 | तृतीय | सहायक ग्रेड—3 | लेवल—4 19500—62000 (सातवां वेतनमान) | — | 1 | — | 5 | 6 |
| 2 | तृतीय | अनुरेखक | लेवल—4 19500—62000 (सातवां वेतनमान) | — | — | 1 | — | 1 |
| 3 | चतुर्थ | भृत्य | लेवल—1 15500—49000 (सातवां वेतनमान) | — | — | — | 1 | 1 |
| 4 | चतुर्थ | क्षेत्रीय सहायक | लेवल—1 15500—49000 (सातवां वेतनमान) | 1 | — | — | — | 1 |
| 5 | चतुर्थ | भृत्य कम प्रोसेस सर्वर | लेवल—1 15500—49000 (सातवां वेतनमान) | — | 1 | — | 1 | 2 |
| 6 | चतुर्थ | चौकीदार (आकस्मिता निधि) | लेवल—1 15500—49000 (सातवां वेतनमान) | — | — | 1 | — | 1 |
| | | | योग :— | 1 | 2 | 2 | 7 | 12 |

प्रभारी अधिकारी (स्थापना)
संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म
मध्यप्रदेश, भोपाल

टीप :– उपरोक्त सभी पदों के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी 3–13/2019/3/एक/दिनॉक 12.12.2019 अनुसार –

(1) **सेवा में सीधी भरती किये गये प्रत्येक व्यक्ति को 03 वर्ष की कालावधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा। '**

(2) **परिवीक्षा अवधि में उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का प्रथम वर्ष 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष में 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष में 90 प्रतिशत राशि स्टायपेंड के रूप में देय होगी। परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर निर्धारित वेतनमान में वेतन दिया जाना प्रारंभ किया जाएगा।**

1. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का पता :– संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, 29–ए, खनिज भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म0प्र0) – 462003.

2. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – 24.10.2024

3. शैक्षणिक योग्यता:–

(अ) तृतीय श्रेणी –

(1) सहायक ग्रेड–3 :–

1.मान्यता प्राप्त किसी मंडल/संस्था से उच्चतर माध्यमिक प्रमाण पत्र परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण।

2. निम्नलिखित संस्थाओं में से किसी से कम्प्यूटर अनुप्रयोग में एक वर्षीय पत्रोपाधि/प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है-

(क) यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से :

(ख) यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय से :

(ग) डी.ओ.ए.सी.सी. से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा।

(घ) शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स,

(ङ) राष्ट्रीय व्यवसायिक परीक्षा परिषद (N.C.V.T.) नई दिल्ली अथवा राज्य व्यावसायिक परीक्षा परिषद (S.C.V.T.) मध्यप्रदेश द्वारा प्रदत्त एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण पत्र।

अथवा

उपरोक्त निर्दिष्ट संस्थाओं से बी.ई. (सी.एस.ई./आई.टी.)/एम.सी.ए./ बी.सी.ए./एम.एस.सी.(आई.टी.\सी.एस.) बी.सी.सी. (आई.टी.\सी.एस.) एम.टेक/ एम.ई. इत्यादि।

प्रभारी अधिकारी (स्थापना)
संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म
मध्यप्रदेश, भोपाल

अथवा

ए.आई.सी.टी.ई से अनुमोदित पॉलीटेक्निक डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साईंस/कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं इंफारमेशन टेक्नालाजी।

टीप : बी.एस.सी./बी.कॉम/अन्य उपाधियां जिनमें केवल कम्प्यूटर केवल एक विषय के रूप में सम्मिलित है मान्य नहीं होगी।

3. हिन्दी में 20 शब्द एवं अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनिट की गति से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) प्रमाण पत्र (स्कोर कार्ड)

(2) अनुरेखक :– हायर सेकेण्डरी परीक्षा ड्राईंग विषय में उत्तीर्ण अथवा आई.टी.आई. से ड्राफ्टसमैन सिविल परीक्षा उत्तीर्ण.

(ब) चतुर्थ श्रेणी –

भृत्य / क्षेत्रीय सहायक / भृत्य कम प्रोसेस सर्वर एवं चौकीदार (आकस्मिकता निधि)
– आठवीं कक्षा उत्तीर्ण।

टीप :– उपरोक्त आर्हता आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक धारित करना अनिवार्य है।

4. आवेदन पत्र के साथ अधोलिखित दस्तावेज एवं जानकारी संलग्न करना अनिवार्य है:–

(1) आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक अर्हता संबंधी प्रमाण पत्र एवं सभी दस्तावेजों के स्व–प्रमाणित छायाप्रतियॉ तथा पासपोर्ट साईज के स्व–प्रमाणित दो फोटोग्राफस।
(2) मध्यप्रदेश का मूल / स्थायी निवासी होने का प्रमाण पत्र।
(3) आयु सीमा 18 से 45 वर्ष (सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र 04 जुलाई 2019 अनुसार अधिकतम आयु सीमा 05 वर्ष की छूट समाहित है) आयु सीमा की गणना 01.01.2024 के आधार पर की जायेगी।
(4) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र की सत्य प्रतिलिपि अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।
(5) शासन द्वारा जिला स्तर पर गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त विकलांग होने का प्रमाण पत्र।
(6) रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
(7) विवाह के लिये नियत की गई न्युनतम आयु से पूर्व विवाह करने वाले नियुक्ति के लिए पात्र नही होगें। जिस आवेदक की दिनांक 26.01.2001 या इसके बाद शासन निर्देश अनुसार दो से अधिक जीवित संतान वाले आवेदन के लिए पात्र नहीं होंगे। इसके संबंध में स्व–प्रमाणित घोषणा पत्र संलग्न करना होगा।

प्रभारी अधिकारी (स्थापना)
संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म
मध्यप्रदेश, भोपाल

नोटः— भारत सरकार के राजपत्र दिनॉक 05.05.2021 द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार दिनॉक 01.06.2021 से समस्त दिव्यांग प्रमाण पत्र केवल यू.डी.आई.डी. पोर्टल नामतः **http:// www.swavlambancard.gov.in** के माध्यम से नियमानुसार जारी किये गये डिजिटल प्रमाण पत्र ही मान्य होगें।

5. आवेदन पत्र निर्धारित अंतिम तिथि तक एवं ऊपर दिये गये कार्यालय के पते पर स्वयं अथवा पंजीकृत डाक से लिफाफे के ऊपर दिव्यांगजन हेतु चिन्हांकित तृतीय श्रेणी/चतुर्थ श्रेणी (सहायक ग्रेड–3/अनुरेखक/भृत्य/क्षेत्रीय सहायक/भृत्य कम प्रोसेस सर्वर/चौकीदार (आकस्मिता निधि) के पद हेतु आवेदन पत्र अंकित करते हुए भेजें। किसी भी स्थिति में निर्धारित अंतिम दिनॉक को कार्यालयीन समय पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा। आवेदक को यह सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा कि आवेदन नियत अंतिम तिथि तक कार्यालयीन समय में प्राप्त हो जाए। डाक से प्रेषित आवेदन अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने पर विभाग उत्तरदायी नहीं रहेगा। विलंम्ब से प्राप्त आवेदनो को मान्य नही किया जायेगा तथा अपूर्ण/त्रुटिपुर्ण भरे हुये आवेदन पत्र स्वमेव अमान्य होंगे।

6. चयन प्रक्रिया — पद हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंक के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी। अन्य आवश्यक अर्हता में प्राप्त अंक का मेरिट सूची से कोई संबंध नहीं होगा।

7. आवेदक द्वारा असत्य/भ्रामक/मिथ्या जानकारी अथवा दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने अथवा किसी भी कारण से नियम विरूद्ध नियुक्ति हो जाने पर नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा किसी भी समय नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।

8. नियुक्ति संबधी समस्त अधिकार संचालक (प्रशासन एवं खनिकर्म) भौमिकी तथा खनिकर्म, भोपाल के पास सुरक्षित रहेगें।

नोटः— विज्ञापन के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप में ही आवेदन स्वीकार्य होगा। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, 29–ए, खनिज भवन अरेरा हिल्स से कार्यालयीन समय में अथवा विभागीय वेबसाईट **e-khanij.mp.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदक का चयन वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से किया जायेगा, जिसकी सूचना पात्र आवेदको को उनके आवेदन पत्र में दर्शाये गये पतें पर रजिस्टर्ड डाक, के माध्यम से दी जायेगी। किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्राधिकार भोपाल होगा।

————

संचालक
(प्रशासन एवं खनिकर्म)

प्रभारी अधिकारी (स्थापना)
संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म
मध्यप्रदेश, भोपाल

# आवेदन का प्रारूप

आवेदन का प्रारूप

| स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज फोटो |
|---|

1. आवेदित पद का नाम (बड़े अक्षरों में) :

..............................................................................

2. आवेदक का नाम : ..................................................

3. पिता/पति का नाम :

..................................................................................

3. वर्तमान पत्र व्यवहार का पूर्ण पता : ................................

4. स्थायी निवास का पता :

......................................................................................

5. जन्म तिथि अंको में (प्रमाण पत्र सहित) :

..................................................................................

शब्दों में : ..................................................

6. जन्म स्थान : ग्राम ......................जिला

..............................राज्य ..............................

7. दिनांक 01.01.2024 को आयु : .

वर्ष ............................माह ..............................दिन ..........

8. राष्ट्रीयता : .......................................धर्म ......................

9. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक :

...........................................................................

10. विवाहित होने पर –

1. विवाह के समय आयु : ..................................................

2. बच्चों की संख्या : .....................................................

3. तीसरे बच्चे की दशा में जन्म तिथि : .......................

11. शैक्षणिक योग्यताएं –

| क्र. | कक्षा का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | संस्था का नाम | प्राप्तांक | श्रेणी | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

12. विकलांगता प्रमाण पत्र : .........................................

13. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची –

## शपथ पत्र

मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि –

(1) आवेदन पत्र में दी गई जानकारी एवं विवरण पूर्णतः सत्य है। यदि कोई भी जानकारी असत्य एवं गलत पाई जाती है तो मेरा आवेदन/चयन/ नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी। मूल दस्तावेज/प्रमाण पत्र मांगे जाने पर प्रस्तुत किया जावेंगे।

(2) मेरे द्वारा विवाह के लिये नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह नहीं किया गया है तथा दिनांक 26.01.2001 के पश्चात् मेरी दो से अधिक जीवित संतान नहीं है।

(टीप – अविवाहित होने की स्थिति में बिन्दु–2 लागू नहीं होगा)

दिनांक :–
स्थानः–

आवेदक के हस्ताक्षर
(पूरा नाम एवं पता)

प्रभारी अधिकारी (स्थापना)
संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म
मध्यप्रदेश, भोपाल